# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 22.07.2026**

**थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर ले जाने एवं दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 24.04.2026 को वादिनी की नाबालिग पुत्री को अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा दे कर बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर मु0अ0सं0 121/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस बनाम मोहित गौतम उर्फ गुड्डन पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम गदनपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2), 5(j)(ii)/6 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। थाना रूरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मोहित गौतम उर्फ गुड्डन पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम गदनपुर थाना रुरा जनपद कानपुर देहात को झींझक-रूरा रोड पर नहर की पटरी थाना रूरा क्षेत्र से दिनांक 22.07.2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-**

मोहित गौतम उर्फ गुड्डन पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम गदनपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात

**गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री शिव बहादुर सिंह चौकी प्रभारी सिठमरा
2. का0 771 सुरेन्द्र कुमार पाल